## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–19.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयकों को केन्द्र सरकार आज 31 सांसदों वाली संयुक्त संसदीय समिति को सौंपेगी। प्रस्तावित समिति में लोकसभा के 21 सदस्य और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 नाम दिया गया है। इधर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर पर टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

****************

जीएसटी काउंसिल की बैठक में केन्द्र सरकार के समक्ष झारखंड बकाये राशि की मांग रखेगा। झारखंड ने केन्द्रीय फोरम में इस मांग को मजबूती के साथ रखने का फैसला लिया है। बीस और 21 दिसंबर को केन्द्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025– 26 के लिए राजस्थान के जैसमलेर में प्री–बजट बैठक बुलायी है जिसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल होंगे। इस बैठक में राज्य कें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी शामिल होंगे।

****************

साहित्य अकादेमी द्वारा 21 भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई जिसमें लेखक महेश्वर सोरेन को संथाली नाटक रचना सेचर सावंता रेन अंधा मनमी के लिये साहित्य एकाडमी अवार्ड से नवाजा गया है।

****************

गुमला जिले में बनाए जाने वाले वाद्य यंत्र मांदर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से दिल्ली में कल जीआई टैग के होने वाली अंतिम सुनवाई के लिए प्रसिद्ध कारीगरों और विशेषज्ञों की छह सदस्यों की टीम आज रवाना हुई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्योग विभाग के जिला समन्वयक सूरज कुमार ने कहा कि जीआई टैग मिल जाने से मांदर पर झारखंड का एकाधिकार हो जायेगा, जिसका लाभ यहां कारीगरों को मिलेगा।

****************

गोड्डा जिले में जल –जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजनाओं की जांच होगी। गोड्डा सांसद डा. निशिकांत दुबे के द्वारा जिले में इस योजना के तहत व्यापक अनियमितता को लेकर सदन में उठाये गये सवाल के आलोक में जांच किया जाएगा। इस मामले को लेकर झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता विभाग के विशेष सचिव राजीव रंजन कुमार ने पत्र जारी किया है और पन्द्रह दिनों में जांच प्रतिवेदन विभाग को सौंपने का आदेश दिया है।

****************

रामगढ़ जिले में संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

****************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय रांची की ओर से आज तिमाही हिन्दी संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेकान राजभाषा विभाग के उपप्रबंधक विक्रम सिंह और प्रभात खबर की वरीय संवाददाता लता रानी बतौर वक्ता शामिल हुए। मौके पर विक्रम सिंह ने कार्यालीय कार्यों में सौ प्रतिशत हिन्दी के प्रयोग पर जोर दिया। लता रानी भी हिन्दी को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि

कामकाज में हिन्दी के सरल शब्दों का इस्तेमाल बेहद आवश्यक है। धन्यवाद ज्ञापन की पीआईबी की ओर से राजेश सिन्हा ने किया।

****************

राज्य में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के दक्षिणी भाग में आंशिक बादल छाये रहेंगे और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में दर्ज किया गया जबकि सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया।

*********समाप्त************